वीज़ा मुक्त प्रवेश पर भारत-पाक सहमत

drishtiias.com/hindi/printpdf/india-pakistan-agree-on-visa-free-entry

चर्चा में क्यों?

भारत और पाकिस्तान के मध्य हुई दूसरी औपचारिक वार्ता में पाकिस्तान ने करतारपुर साहिब के पवित्र गुरुद्वारे में भारतीय तीर्थयात्रियों को वर्ष भर के लिये वीज़ा मुक्त प्रवेश देने पर सहमति व्यक्त की है।

मुख्य बिंदु:

- समझौते के अनुसार, पाकिस्तान एक वर्ष की अवधि में प्रतिदिन लगभग 5,000 लोगों को प्रवेश की अनुमति देगा।
- भारत की ओर से यह आग्रह किया गया है कि इस समझौते के तहत किसी विशेष अवसर और त्योहार पर कम-से-कम 10,000 और लोगों को प्रवेश की अनुमति दी जाए।
- इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान से इस ऐतिहासिक पहल का दुरुपयोग करने वाले खालिस्तान समर्थकों को रोकने के लिये भी कहा है।
- भारत ने इस संदर्भ में अपनी तैयारियों का जायज़ा देते हुए कहा कि भारतीय पक्ष की आधारभूत संरचना एक दिन में देश विदेश के तक़रीबन 15,000 तीर्थयात्रियों को संभालने में सक्षम है।
- इसके अतिरिक्त भारत ने पाकिस्तान से निम्नलिखित आग्रह किये हैं:
    - धर्म के लिहाज से तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध न लगाया जाए।
    - तीर्थयात्रियों के पास अकेले या समूह में जाने का विकल्प होना चाहिये।
    - तीर्थयात्रियों के लिये लंगर एवं प्रसाद के निर्माण एवं वितरण की व्यवस्था होनी चाहिये।

स्रोत: द हिंदू